कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वाररोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :*ukmssbdun@gmail.com*; Website : *www.ukmssb.org*, Phone: **0135 2665366**

विज्ञप्ति संख्याः– 22/2024 दिनांक 01 अक्टूबर 2024

ट्यूटर (नर्सिंग) परीक्षा– 2023
उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत ट्यूटर (नर्सिंग) के रिक्त पदो पर लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0/परी0/02/2023–24/936, दिनांकः 20 नवम्बर, 2023 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में समूह 'ग' के अन्तर्गत ट्यूटर (नर्सिंग) के रिक्त 31 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

उक्त के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में समूह 'ग' के अन्तर्गत ट्यूटर (नर्सिंग) के रिक्त 31 पदों पर सीधी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 27 अक्टूबर 2024 (रविवार) को आयोजित की जायेगी।

ट्यूटर (नर्सिंग) की लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी प्रवेश पत्र दिनांक 21 अक्टूबर 2024 से बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर पंजीकरण संख्या (Registration Number) तथा पासवर्ड (Password) अंकित कर डाउनलोड कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में लिखित परीक्षा केन्द्र शहर श्रीनगर अंकित किया गया था उन अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र देहरादून किया जा रहा है। शेष अभ्यर्थियों के परीक्षा केन्द्र उनके द्वारा चयनित परीक्षा केन्द्र शहर में ही आवंटित किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार का परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा। लिखित परीक्षा सम्बन्धी अन्य सूचना यथा परीक्षा का समय, परीक्षा स्थल तथा अन्य महत्त्वपूर्ण सूचनाएं प्रवेश पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

अभ्यथियों को यह भी सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा हेतु जारी किए जाने वाला प्रवेश पत्र औपबन्धिक है। इसके आधार पर अभ्यर्थी चयन हेतु कोई भी दावा नही कर सकता है। अतः परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे विज्ञापन में दी गयी न्यूनतम शैक्षिक अर्हताओं एवं अन्य अनिवार्य अर्हतायें, ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि (दिनांक 21 दिसम्बर 2023) तक पूर्ण करता हो। अंतिम तिथि के उपरान्त निर्गत प्रमाण पत्र स्वीकार/मान्य नहीं होंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित की गई प्रविष्टियों से भिन्न कोई भी दावा मान्य नहीं होगा तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार का संशोधन अनुमन्य नहीं होगा। लिखित परीक्षा में श्रेष्ठता क्रम में आने पर अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में दर्शाये गये समस्त डाटा के सत्यापन हेतु मूल प्रमाण पत्र अभिलेख सत्यापन के दौरान बोर्ड के समक्ष उपलब्ध कराने होंगे। तत्पश्चात् ही अभ्यर्थी के अंतिम चयन पर विचार किया जायेगा। किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाये जाने पर उसका अभ्यर्थन निरस्त करने का अधिकार बोर्ड को होगा। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई तकनीकी समस्या आती है तो वह समस्या के निवारण हेतु बोर्ड की ई–मेल helplineukmssb@gmail.com पर या दूरभाष नम्बर 0135–2665366 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

यदि कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता पाया जाता है तथा परीक्षा के सम्बन्ध में भ्रामक सूचनाओं का प्रसारण करता है तो ऐसे अभ्यर्थियों के विरुद्ध उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम– 2023 में किये गये संगत प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

ह0/–
(प्रो0 विजय जुयाल)
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड,
देहरादून।